प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 25.04.2025 समय : 09:00 ए.एम.

- सभी राजनीतिक दलों ने पहलगाम आतंकी हमले पर सरकार की कार्रवाई में पूरा सहयोग देने का आश्वासन दियां
- प्रदेश को हरित राजस्थान बनाए रखने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों के माध्यम से ग्रीन ऑडिट करवाया जाएगां
- विश्व मलेरिया दिवस आज–चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा मलेरिया उन्मूलन के लिए नवाचारी तरीकों पर जोर दिया जायेगां
- जल जीवन मिशन से जुड़े करोडों रुपए के घोटाले में ईडी ने पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी को गिरफ्तार कियां

000000

पहलगाम आतंकी हमले के बाद सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने पाकिस्तान के विरुद्ध सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की ओर से की गई कार्रवाई का समर्थन किया हैं नई दिल्ली के संसद भवन परिसर में केन्द्र सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान सभी दलों के नेताओं ने आतंकवाद से लडाई और सरकार की कार्रवाई में पूरा सहयोग देने का भी आश्वासन दिया हैं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया को बताया कि सभी दलों ने आतंकी हमले पर चिंता व्यक्त की और समर्थन दिया हैं

.....

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने और कडी कार्रवाई करने संबंधी अपना इरादा भी व्यक्त किया हैं उन्होंने कहा कि नेताओं को इस घटना और सरकार की कार्रवाई की जानकारी दी गई हैं 15 विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता इस बैठक में शामिल हुएं लगभग दो घंटे तक चलीं इस बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कीं इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतेरेस ने आतंकी हमले के बाद तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए भारत और पाकिस्तान से अधिक से अधिक संयम बरतने की अपील की हैं

उधर पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढते तनाव के मद्देनजर पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने को कहा हैं पाकिस्तान के इस प्रतिबंध के बाद भारत के विमान पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र से होकर नहीं गुजर सकेंगें

0000

सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आज श्रीनगर का दौरा कर रहे हैं स्थानीय सैन्य कमांडर घाटी और नियंत्रण रेखा के पास आतंकरोधी उपायों के बारे में भी सेना प्रमुख को अवगत कराएंगें इस यात्रा के दौरान 15 कोर कमांडर और राष्ट्रीय राईफल कमांडर उपस्थित रहेंगें

0000

पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में देश के विभिन्न शहरों में नागरिकों, विद्यार्थियों और राजनीतिक समूहों ने प्रदर्शन किए और कैंडल मार्च निकालां प्रदेश में भी विभिन्न स्थानों पर आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन किये जा रहे हैं इसी कडी में जयपुर में राजस्थान हाईकोर्ट में आज दो मिनिट का मौन रखकर मृतको को श्रद्धाजंलि दी जायेगीं डूंगरपुर में आज सर्वसमाज के लोग तहसील चौराहे पर विरोध प्रदर्शन करेंगें बारां जिले के छीपाबडोद, छबडा, सीसवाली सहित कई स्थानों पर केण्डलमार्च निकालकर हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धाजंलि दी गईं कोटपूतली–बहरोड में बाईक रैली निकालकर हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया गयां जैसलमेर में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धाजंलि सभाएं आयोजित की गईं इस बीच जिले में कानून व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाये रखने के लिए पुलिस ने व्यापक कदम उठाये हैं जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस की ओर से भीड–भाड वाले क्षेत्रों में गश्त बढा दी गई है और गुप्त सूचनाओं पर निगरानी रखी जा रही हैं

.....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है प्रदेश को हरित राजस्थान बनाए रखने के लिए सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के विषय विशेषज्ञों के माध्यम से ग्रीन ऑडिट करवाया जाएगां उन्होंने कहा कि राज्य सरकार

के ग्रीन बजट से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगां श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025–26 की बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थें बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत राज्य में करोड़ों की संख्या में पौधारोपण किया गया हैं बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न बजटीय घोषणाओं की प्रगति के बारे में जानकारी लीं मुख्यमंत्री ने कल ही राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा कीं उन्होंने कहा कि इन एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए लगातार काम किया जा रहा हैं उन्होंने अधिकारियों को 1 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि के एमओयू को श्रेणीवार विभाजित कर हर निवेशक से लगातार संवाद करने को कहां

0000

आज विश्व मलेरिया दिवस हैं मलेरिया रोग की रोकथाम और बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए ये दिन मनाया जाता हैं इस वर्ष की थीम पुनर्निवेश, पुनर्कल्पना और पुनर्जागृति रखी गई हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने बताया कि प्रदेश में विश्व मलेरिया दिवस की थीम के अनुसार मलेरिया उन्मूलन के लिए नए और नवाचारी तरीकों पर जोर दिया जाएगां इसके लिए विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय से प्रयास किये जायेंगें जनस्वास्थ्य निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में किये जा रहे मलेरिया उन्मूलन के प्रयासों से मरीजों की संख्या में गिरावट हुई हैं उन्होंने बताया कि साल 2024 में मलेरिया रोगियों की संख्या 2 हजार 213 थी, वहीं अब तक इस साल केवल 59 मामले सामने आए हैं उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से मलेरिया से बचाव एवं रोकथाम के लिये प्रभावी गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं ज्यादा प्रभावित और हाई रिस्क वाले 9 जिलों में दो चरण में इंडोर रेजिड्यूअल स्प्रे करवाया जाएगा, ताकि इन जिलों में मलेरिया के प्रसार पर प्रभावी रोकथाम की जा सकें इन जिलों में अलवर, बालोतरा, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर, प्रतापगढ़, सलूंबर, श्रीगंगानगर और उदयपुर शामिल हैं

0000

वर्षा जल संरक्षण के लिए प्रदेश में केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से लगातार प्रयास किये जा रहे हैं वहीं कर्मभूमि से मातृ भूमि अभियान के तहत प्रवासी राजस्थानी भी इस काम में बढ चढकर भाग ले रहे हैं झुंझुनूं जिले में विभिन्न स्थानों पर अभियान के तहत वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं बनाई जा रही हैं जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने कल इस अभियान की समीक्षा बैठक कीं उन्होंने इस अभियान से और भामाशाहों को जोड़ने का आह्‌वान कियां

.....

00000

जल जीवन मिशन से जुड़े करीब 900 करोड रुपए के घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी को गिरफ्तार किया हैं गिरफ्तारी के बाद कल देर शाम ईडी ने श्री जोशी को विशेष न्यायाधीश के आवास पर पेश कियां न्यायाधीश ने फैसला देते हुए महेश जोशी को 4 दिन के रिमांड पर ईडी को सौप दिया हैं गौरतलब है कि यह मामला केंद्र सरकार के जल जीवन मिशन से जुड़ा हैं साल 2021 में दो ट्यूबवेल कंपनी के ठेकेदारों ने फर्जी अनुभव प्रमाण पत्र दिखाकर जलदाय विभाग से करोड़ों रुपए के टेंडर हासिल किए थें घोटाले का खुलासा होने पर एसीबी ने मामले की जांच की थीं वहीं बाद में ईडी ने मामला दर्ज कर महेश जोशी और उसके सहयोगी संजय बढ़ाया सहित अन्य पर कार्रवाई कीं

00000

प्रसार भारती द्वारा हाल ही मे लॉच किये गये ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्ज के प्रचार प्रसार के लिए आज आकाशवाणी और दूरदर्शन केन्द्र जयपुर की ओर से प्रेस वार्ता रखी गई हैं ये प्रेसवार्ता सुबह साढे ग्यारह बजे से दूरदर्शन केन्द्र जयपुर में होगीं प्रेसवार्ता में पत्रकारों को वेव्ज एप के बारे में तकनीकी प्रजेन्टेशन के माध्यम से जानकारी दी जायेगीं

0000

प्रदेश में नए पश्चिम विक्षोभ के प्रभाव से कल जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती हैं मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मई के पहले सप्ताह में पूर्वी हवाएं प्रभावी होने और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से आंधी–बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी तथा तापमान में कमी होने से हीट वेव से राहत मिलने की संभावना हैं इस बीच कल पश्चिमी राजस्थान के कुछ शहरों में हीटवेव का असर देखने को मिलां

00000